कार्यालय,नगर पालिक निगम,भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.)

//रूचि की अभिव्यक्ति अंतर्गत् ऑफर आमंत्रण सूचना//

क्र0/ लो.क.वि./जोन–2/न0नि0/ 2022/550 भिलाई, दिनांक 31/10/2022

नगर पालिक निगम, भिलाई क्षेत्र अंतर्गत् **जोन क्र.–02 अंतर्गत वार्ड क्र.–20 वैशालीनगर में स्थित सांस्कृतिक भवन को 5 वर्षो तक** संचालन, प्रबंधन, संधारण के लिये इच्छुक/रूचि रखने वाले पंजीकृत संस्था/व्यक्ति/एजेंसी से **''रूचि की अभिव्यक्ति''** अंतर्गत् ऑफर दर तीन लिफाफा पद्धति से दिनांक **21.11.2022.** सायं 5:30 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। **दिनांक 22.11.2022** को लिफाफा ''अ'' में प्राप्त दरस्तावेजो का परीक्षण किया जावेगा। तत्पश्चात **दिनांक 25.11.2022** को **पात्र निविदाकारो** का **वित्तीय लिफाफा ''ब''** खोला जावेगा। रूचि की अभिव्यक्ति अंतर्गत् नियम एवं शर्ते नगर पालिक निगम भिलाई के **वेबसाईट www.bhilainagarnigam.com** में देखी एवं प्राप्त की जा सकती है। निर्धारित प्रारूप मे दर ऑफर प्रस्तुत करने के साथ राशि 1500.00 के डिमांड ड्राफ्ट आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई एवं धरोहर राशि रू. 1,00,000.00 जोन आयुक्त, नगर पालिक निगम भिलाई एवं एजेंसी के संयुक्त नाम से किसी राष्ट्रीयकृत बैक से जारी हो, जमा करना होगा। आवेदन पत्र के साथ जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र की प्रति, नोटरी से जारी (100/–रू.) का शपथ पत्र की मूलप्रति, पेन कार्ड/जी.एस.टी. की प्रति, आयकर क्लीयरेंस प्रमाण पत्र, सभी स्वहस्ताक्षरित एवं डी.डी. तथा धरोहर राशि लिफाफा **''अ''** में, लिफाफा **''ब''** में दर तथा लिफाफा **''स''** में लिफाफा **''अ''** एवं **''ब''** डालकर कर जोन आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई के नाम पर रजिस्टर्ड/स्पीड पोस्ट डाक से निर्धारित तिथि एवं समय में पहुंचाना होगा। सर्वप्रथम लिफाफा **''अ''** खोला जाएगा। सभी दस्तावेज निर्धारित शुल्क/धरोहर राशि प्राप्त होने के उपरांत लिफाफा **''ब''** वित्तीय आफर खोला जावेगा। प्राप्त दर को स्वीकार/अस्वीकार करने का अंतिम निर्णय आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई के पास सुरक्षित रहेगा।

जोन आयुक्त
जोन क्र.–02
नगर पालिक निगम
भिलाई